पत्रांक : 71/11 रा.
दिनांक : 01.08.2011

प्रेषक :

lj;| jk;]

402, लोटस अपार्टमेंट

डोरण्डा, राँची।

सेवा में,

i/kku lfpo

स्वास्थ्य विभाग,

झारखंड सरकार, राँची।

fo"k;% अचिन्हित वायरस जनित महामारी और इससे हो रही मौतों की रोकथाम के लिए आवश्यक उपाय करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय में कल आपसे हुई बातचीत का कृपया स्मरण करेंगे। बातचीत के दौरान मैंने निवेदन किया था कि राज्य सरकार द्वारा इस संदर्भ में युद्ध स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। जमशेदपुर शहर के विभिन्न अस्पतालों में इस महामारी से एक हजार से अधिक मरीज भर्ती हैं। इसके अतिरिक्त अपने घरों में रहकर इस महामारी से जुझने वालों की संख्या भी काफी है। करीब एक दर्जन लोगों की मृत्यु हो चुकी है। पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन रोकथाम का यथासंभव उपाय करने के लिए आज से सक्रिय हुआ है। इस दिशा में राज्य सरकार की अपेक्षित सक्रियता भी जरुरी है।

जमशेदपुर के आधिकारिक चित्सिकों का विचार है कि अज्ञात वायरस की उत्पत्ति अथवा स्वरूप परिवर्तन का संबंध वहाँ के जल, वायु और जमीन के बढ़ते प्रदूषण से है। चिकित्सकों ने मुझे आज बताया कि वायरसजनित यह महामारी छुआछूत से फैल रही है और इसके संक्रामक होने के लक्षण विद्यमान है। विभिन्न प्रयोजनों से प्रतिदिन जमशेदपुर आने–जाने वालों की संख्या हजारों में है। अगर चिकित्सकों का अभिमत सही है तो इस बीमारी का संक्रमण राज्य और देश के विभिन्न हिस्सों में फैलने की प्रबल आशंका हो सकती है।

अनुरोध है कि इस बारे में राज्य सरकार समुचित कदम उठायें ताकि महामारी का प्रभावी इलाज हो सके और इसे फैलने से रोका जा सके।

सधन्यवाद,

भवदीय

¼lj;| jk;½